बर्षः- 06
अंकः- 74
मुरादाबाद
(Saturday)
04 July 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## लखनऊ आम महोत्सव का शुभारंभ, आधा किलो का आम देख मुस्कुराए सीएम योगीःकिसानों को किया सम्मानित



लखनऊ में आयोजित आम महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट आम उत्पादकों को सम्मानित किया और विभिन्न किस्मों का अवलोकन किया। महोत्सव में सैकड़ों प्रजातियों के आम तथा उनसे बने उत्पाद प्रदर्शित किए गए। सरकार ने किसानों को आधुनिक खेती, निर्यात, गुणवत्ता और रसायन-मुक्त उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित आम महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने आम उत्पादकों से विभिन्न किस्मों की विशेषताओं की जानकारी ली। प्रदर्शनी में रखे करीब आधा किलो वजनी आम को देखकर मुख्यमंत्री मुस्कुरा पड़े और दोनों हाथों में आम लेकर तस्वीर भी खिंचवाई। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दो पेटी आम खरीदे।मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट आम उत्पादकों को सम्मानित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का आम ब्रिटेन, यूएई, मलेशिया और कुवैत समेत कई देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक विशेष आम को काकोरी ब्रांड का नाम दिया गया है, जो देशभक्ति और समर्पण का प्रतीक है।800 से अधिक किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए तीन दिवसीय आम महोत्सव में 800 से अधिक किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली, रटौल, लखनऊ सफेदा, अल्फांसो, याकूती, बनाना मैंगो, नूरजहां, लालिमा और टॉमी एटकिंस जैसी प्रसिद्ध किस्में शामिल हैं। वहीं मोदी मैंगो और योगीराज आम भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। महोत्सव में आम से बने अचार, जूस, पल्प और अन्य उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एआई आधारित खेती, ई-कॉमर्स और वैश्विक निर्यात को बढ़ावा देने पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने रसायन-मुक्त उत्पादन, गुणवत्ता और वैश्विक मानकों के अनुरूप आम तैयार करने पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की असली ताकत उसके किसान हैं और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।सीएम बोले- यूपी में ढ्ढ बेस्ड फार्मिंग को आगे बढ़ाना है
योगी ने कहा, आम को संरक्षित करने के लिए किसानों को बैग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हमें यूपी में ढ्ढ बेस्ड फार्मिंग को आगे बढ़ाना है। ई-कॉमर्स और ग्लोबल एक्सपोर्ट को बढ़ाने के लिए हम काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि यूपी का प्रोडक्ट केमिकल-मुक्त हो। आम गुणवत्ता, सुरक्षा और वैश्विक मानकों पर खरा उतर सके, इस पर हमारा ध्यान होना चाहिए।योगी बोले- हमारी असली ताकत किसान हैंसीएम योगी ने कहा, आम महोत्सव यूपी ही नहीं, बल्कि देश के अन्नदाता किसानों के लिए एक शो-केसिंग का आधार भी है। वे अपने प्रोडक्ट को बायर्स-सेलर्स मीट के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने का काम कर सकते हैं। जैसे मलिहाबाद का दशहरी आम, जिसे अब जीआई टैग भी मिल चुका है। जीआई टैग का मतलब है कि दशहरी आम वैश्विक ब्रांड बन चुका है। दुनिया में जहां कहीं भी जाएगा, उसकी पहचान बनी रहेगी। ये जितने भी आम हैं, वे यूपी की ताकत को बढ़ाते हैं। यूपी की असली ताकत किसान हैं, जिनकी वजह से यह महोत्सव संभव हुआ है। प्रदेश में आम के किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए चार पैक हाउस बनाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### चढ़ावा चोरी पाप नहीं, महापाप, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बोले- कानून के साथ भगवान भी देंगे दंड

अयोध्या पहुंचे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के गुरु के निधन पर शोक जताया। राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर एसआईटी जांच, सरकार और कानून व्यवस्था पर भरोसा जताया। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका संतों और श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के गुरु के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह केवल पाप नहीं, बल्कि महापाप है। जो भी इस कृत्य में दोषी होगा, उसे कानून के तहत सजा मिलेगी। भगवान भी उसे उसके कर्मों का दंड देंगे। एसआईटी जांच, देश की कानून व्यवस्था और सरकार पर पूरा भरोसा है। जांच निष्पक्ष होगी और सभी दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आरोप लगाया कि देश में संतों, महंतों, मठों और मंदिरों के खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र रचा जा रहा है। ऐसे प्रयासों का उद्देश्य लोगों की धार्मिक आस्था और श्रद्धा को कमजोर करना है। इसलिए, समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह के भ्रम या दुष्प्रचार में नहीं आना चाहिए। सत्य सामने आएगा। दोषियों को कानून के साथ-साथ ईश्वर का भी दंड मिलेगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले नए सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, पद संभालने के बाद की पहली औपचारिक मुलाकात



भारतीय सेना के नए प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। 30 जून को 31वें थल सेनाध्यक्ष का पद संभालने वाले जनरल सेठ ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह ली है। जनरल सेठ के पास करीब चार दशक का सैन्य अनुभव है और उनके नेतृत्व में सेना के आधुनिकीकरण व आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने पर जोर रहेगा।भारतीय सेना के नए प्रमुख (थल सेनाध्यक्ष) जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। सेना प्रमुख का पद संभालने के बाद यह उनकी रक्षा मंत्री के साथ पहली औपचारिक बैठक थी। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। रक्षा मंत्री कार्यालय ने अपने पोस्ट में कहा कि थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने कर्तव्य भवन-2 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की।30 जून को संभाली थी सेना की कमान- जनरल धीरज सेठ ने 30 जून को भारतीय सेना के 31वें थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था। उन्होंने जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का स्थान लिया, जो 40 वर्ष से अधिक की सैन्य सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। करीब 13 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना की कमान ऐसे समय में जनरल सेठ ने संभाली है, जब सेना सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ आत्मनिर्भर और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक सेना बनने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।पश्चिमी सीमा पर दो कमानों का नेतृत्व करने का अनुभव- जनरल धीरज सेठ भारतीय सेना के उन चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें पश्चिमी मोर्चे पर दो अलग-अलग ऑपरेशनल कमानों का नेतृत्व करने का दुर्लभ अनुभव हासिल है। उन्हें विभिन्न चुनौतीपूर्ण इलाकों में काम करने और आतंकवाद विरोधी अभियानों का भी लंबा अनुभव है। एनडीए के पूर्व छात्र हैं जनरल सेठ- जनरल सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कॉर्प्स में कमीशन मिला था। लगभग चार दशक के सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई और अलग-अलग भौगोलिक एवं संघर्ष वाले क्षेत्रों में नेतृत्व किया।गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया सम्मानित- सेना प्रमुख का पद संभालने के एक दिन बाद, 1 जुलाई को दक्षिण ब्लॉक परिसर में आयोजित समारोह में जनरल धीरज सेठ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जनरल धीरज सेठ के नेतृत्व में भारतीय सेना से सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत करने, आधुनिकीकरण को गति देने तथा स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसलों की उम्मीद की जा रही है।

## मंदिर चढ़ावा चोरी पर संघ ने जारी किया बयान, कहा- चोरी की घटना से राम भक्तों की श्रद्धा को आघात पहुंचा



आरएसएस ने मंदिर चढ़ावा चोरी पर कहा कि इस घटना से करोड़ों राम भक्तों की श्रद्धा और आस्था को गहरा आघात पहुंचा है। साथ ही व्यवस्था की कमियां दूर कर पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की बात भी कही।
अयोध्या में रामलला मंदिर चढ़ावा चोरी होने की घटना पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कड़ा बयान जारी किया। संघ ने कहा कि यह घटना केवल चोरी का मामला नहीं है, बल्कि इससे करोड़ों राम भक्तों की आस्था और श्रद्धा को गहरा आघात पहुंचा है। संघ ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए मंदिर प्रबंधन और व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।
क्या बोला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और क्यों जताई चिंता?- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने जारी बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि पर बना भव्य मंदिर पीढ़ियों के संघर्ष, करोड़ों राम भक्तों के समर्पण, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यही कारण है कि यह मंदिर पूरे हिंदू समाज की आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में अयोध्या स्थित श्री रामलला मंदिर के दान पात्रों में जमा धनराशि की चोरी की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ ने कहा कि इस घटना से पूरे समाज और राम भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए इस मामले को सामान्य अपराध की तरह नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़े गंभीर विषय के रूप में देखा जाना चाहिए।दोषियों पर क्या कार्रवाई की मांग की गई? संघ ने अपने बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। जांच दल की सिफारिश के आधार पर कानूनी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। संघ ने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। साथ ही यह भी कहा गया कि न्याय तभी पूरा माना जाएगा, जब दोषियों को कानून के अनुसार सख्त दंड मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी। मंदिर प्रबंधन से संघ की क्या अपेक्षा है? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि इस घटना को असाधारण मानते हुए मंदिर प्रबंधन को व्यवस्था और संचालन की सभी कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। संघ के अनुसार वर्तमान में जो भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी है, उसे जल्द समाप्त करना जरूरी है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन और शासन द्वारा गठित विशेष जांच दल आवश्यक पहल करें। संघ ने विश्वास जताया कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन, पूरी पारदर्शिता, मजबूत निगरानी व्यवस्था और धार्मिक पवित्रता के वातावरण के जरिए श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास करोड़ों श्रद्धालुओं का विश्वास और अधिक मजबूत करेगा।हिंदू समाज से संघ ने क्या अपील की? अपने बयान के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरे हिंदू समाज से धैर्य और संयम बनाए रखने की अपील की। संघ ने कहा कि इस कठिन समय में समाज को भावनाओं में बहने के बजाय जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का लाभ उठाकर हिंदू विरोधी और राष्ट्र विरोधी शक्तियां हिंदू धर्म तथा समाज को बदनाम करने का प्रयास कर सकती हैं। ऐसे किसी भी षड़यंत्र को विफल करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संघ ने भरोसा जताया कि निष्पक्ष जांच, पारदर्शी व्यवस्था और प्रभावी सुधारों के जरिए मंदिर की गरिमा, पवित्रता और करोड़ों राम भक्तों की आस्था पहले की तरह अटूट बनी रहेगी।

## नई रणनीति बनाने में जुटा INDIA ब्लॉक : ममता बनर्जी से मिली जया बच्चन; कोलकाता में बंद कमरे में क्या हुई बात



हालिया विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस (TMC) की हार के बाद विपक्ष के नए राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके कोलकाता स्थित कालीघाट आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में नई अटकलों को जन्म दे दिया है। यह मुलाकात इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि कुछ दिन पहले ही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता किरणमय नंदा ने कोलकाता दौरे के दौरान विधानसभा चुनावों में ञ्जरूष्ट की हार के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि, %लोग ममता बनर्जी को लगातार चौथी बार सत्ता में नहीं देखना चाहते थे।%पश्चिम बंगाल में ञ्जP की शानदार जीत के बाद INDI गठबंधन के इन दो सहयोगी दलों के बीच बढ़ती दूरी को लेकर नंदा के बयान ने राजनीतिक अटकलों को और हवा दी। माना जाने लगा कि विपक्षी एकजुटता में दरार गहराती जा रही है।हालांकि, इस मुलाकात के राजनीतिक मायने निकालने की कोशिशों को TMC ने खारिज किया। पार्टी नेता कुणाल घोष ने कहा कि जया बच्चन और ममता बनर्जी के बीच वर्षों पुराने व्यक्तिगत संबंध हैं।जया बच्चन और ममता बनर्जी एक-दूसरे को लंबे समय से जानती हैं। जया बच्चन ममता बनर्जी को बेहद पसंद करती हैं और दोनों वर्षों से लगातार संपर्क में हैं। यह सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट थी। अखिलेश यादव भी कर चुके हैं मुलाकात- विधानसभा चुनाव परिणाम आने के कुछ समय बाद ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कोलकाता पहुंचे थे और ममता बनर्जी से उनके आवास पर मुलाकात की थी। उस मुलाकात को चुनावी हार के बाद TMC प्रमुख के प्रति समर्थन और एकजुटता के संदेश के रूप में देखा गया था। राजनीतिक जानकार क्या मानते हैं?- राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जया बच्चन की यह मुलाकात इस बात का संकेत देती है कि समाजवादी पार्टी नेतृत्व के कुछ नेताओं की सार्वजनिक आलोचना के बावजूद दोनों दलों के बीच संवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और भविष्य में विपक्षी तालमेल की संभावनाएं बनी हुई हैं। BJP ने साधा निशाना- इस मुलाकात पर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ BJP की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। वरिष्ठ BJP नेता और राज्य की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने TMC में चल रही अंदरूनी खींचतान का जिक्र करते हुए पार्टी की मौजूदा स्थिति पर सवाल उठाएक्र

## संपादकीय Editorial

### The "inconclusive" case

Dr. Vikram Singh, former Director General of Police of Uttar Pradesh, and M.L. Sharma, former Special Director of the CBI, assess that the Ram Temple donation theft case is unlikely to reach a conclusion because the investigation being conducted is riddled with loopholes and questionable details. A very relaxed investigation is underway. A farce is being staged in the name of investigation. The crucial and questionable question is why the police have not sought the remand of the eight accused who have been sent to jail for 14 days of judicial custody again. If remand is not granted, how will the accused be interrogated and questioned? If interrogation is not conducted, how will the alleged perpetrators be recovered? How will the clues and network of the crime be uncovered? Recovery is only significant and legal if the accused confess and reveal where the stolen money, jewelry, etc. are kept and where the money has been invested. Unless this information is confirmed and verified, the crime cannot be proven. Both top police officers believe that the actions taken by the Trust, the concealment of the seizure of approximately 80 lakh rupees from the Special Investigation Team, and the filing of the FIR after 20 days, are so laden with loopholes that the investigation is unlikely to reach any conclusion. It is noteworthy that VHP International President Alok Kumar has revealed that on June 5th, the Ram Temple Trust itself conducted a preliminary investigation. Police assistance was sought, and a black bag containing approximately 5 lakh rupees in cash was recovered from the home of accused Avinash Shukla. However, on June 7th, Trust General Secretary Champat Rai Bansal denied any "theft," stating that nothing significant had occurred. Former Director General of Police Vikram Singh considers this an "illegal" interference by the Trust. On whose orders did the police participate in that raid? He questions why an FIR was not filed despite the seizure of money. In fact, we also believe that there was a gap of 20 long days between the initial seizure and the filing of the FIR on June 25th. During that time, the accused and their handlers may have destroyed evidence and disposed of the stolen money, and despite this, the Ayodhya police did not take the accused on remand. Obviously, the investigation will not be conclusive. Can such a sensitive and corrupt case of donation theft remain inconclusive? It is clear that much is being concealed at the trust level, and therefore, Champat Rai Bansal, Anil Mishra, and others also have an equal role in the crime! The police have also questioned Champat Rai and recorded his statement, but no FIR has been filed against him, nor has he been named as an accused. Why…? Surprisingly, the police raided the homes of eight accused. Cash, jewelry, and important documents are claimed to have been recovered.The accused's family members have also been questioned. Yet, why has the police not sought remand for the accused in court? Does the police know everything? Has the police gathered sufficient evidence? We believe this is a case of political pressure, protection of the accused, and collusion. The "big fish" must be afraid that these "small fish" might reveal the truth and get caught in the "crocodile" trap! It's also worth noting that the widespread and continuous theft at Lord Shri Ram's temple is still under investigation. However, Chief Minister Yogi Adityanath has raised the issue of the movement for the Shri Krishna Janmabhoomi temple in Mathura. An attempt has been made to implicate SP President Akhilesh Yadav in it. Could the theft of donations and offerings become a major issue in the 2027 assembly elections? The Ram Shilas, which were made of silver, should also be investigated. Along with the lamps and flowers, money was collected.

# Look back: Keep an eye on the coming moment, bid farewell to the past with respect.

The past should be bid farewell with respect, and the new that is about to come should be welcomed with an open heart. The day we accept the changing age with ease,
the burden of life begins to feel lighter, and the mind becomes freer than ever before.

As I progressed in life, I realized that each year of age brings with it a new story. When I reached my forties, the question I was asked most often was, "Aren't you afraid of turning forty?" I smiled and asked myself, "What's there to fear after all?" I realized that aging is proof that I have another year to live. I am deeply grateful for this, because many people never reach the age where they can see life from a new perspective in the light of their experiences. I learned that the greatest fatigue in life lies not in growing old, but in grappling with the truth that cannot be changed. When we try to stop time, we lose our peace. But the day we accept our changing age with ease, the burdens of life seem lighter, and the mind becomes freer than ever. This does not mean that the beauty of youth diminishes.
For me, youth will always be a precious chapter in my life, because it was there that I dreamed, made mistakes, learned, fell, recovered, and created many memories. The past should be bid farewell with respect, and the new that is to come should be welcomed with an open heart. This thought has taught me that even though the path ahead may be unknown, each step takes me deeper into my own personality. Every new year teaches me something I did not know before. So, today I ask myself some questions. Am I not wiser than I was ten years ago? Don't my experiences make me stronger?

Don't I now understand my needs, my happiness, and the people I love better? From their answers I realize that age has not taken anything away from me, but has given me a lot.

# Another aspect: How the brain weaves the web of addiction. GLP-1-based drugs could revolutionize medical science.

The more vivid and repeated the image of an object is formed in the brain, the greater the likelihood of addiction. GLP-1-based obesity-reducing drugs may prove effective in eliminating addiction, especially substance abuse. Activation of GLP-1 receptors in the brain's lateral septum reduces neural activity. This reduces the intense craving for a substance. Imagine suddenly seeing an image of a delicious burger so vividly in your mind that you can't resist eating it. This same process occurs with other substances and drugs. It starts with a simple desire, but when the same desire recurs and the urge to satisfy it increases, this craving gradually turns into an addiction. Scientific research shows that the more vivid and repeated the image of an object is formed in the brain, the greater the likelihood of addiction. For decades, scientists have been exploring how the brain transforms a simple desire into such a powerful craving. Now, GLP-1-based obesity-reduction drugs are proving effective in unraveling this mystery. GLP-1 is a natural hormone released from the intestines after eating. It regulates blood sugar and sends satiety signals to the brain, reducing hunger and helping treat obesity. However, research suggests that GLP-1 drugs may also be helpful in reducing drug addiction. The brain's reward system, particularly the ventral tegmental area and nucleus accumbens, has long been considered a key hub for addiction because it controls dopamine release. However, researchers discovered that GLP-1 receptors are present in very low concentrations in these areas. Then, their attention turned to the lateral septum. This is a crucial center in the brain where memories, emotions, and pleasurable experiences connect. When we imagine our favorite food or a drug, a mental image of it is formed in the brain. This region transmits that image to the reward system, intensifying cravings. GLP-1 receptors are found in large numbers in the lateral septum. When these receptors are activated, neural activity in this region weakens. As a result, the mental image of delicious food or drugs becomes blurred, and the urge to obtain them also diminishes. If future research confirms these findings, GLP-1-based drugs could revolutionize medical science. - The Conversation

# Dev's Diary: The one who loses his voice last is the wisest!

For the past few days, my attention has been riveted on the TV debates. The greatest achievement of our era is that we have found a substitute for intelligence in our lungs. People used to go to the library for discussions; now they're visiting throat doctors to ensure their vocal cords don't fail mid-debate. I have a parrot. His name is Alpha. He keeps hopping around the house all day. For a few days, he's been making a lot of noise. We're all worried. He's created such a ruckus that I felt like the neighborhood electricity department office had opened in my drawing room. When my anxiety reached its peak, I called my biologist brother in Bikaner. The crisis was huge, so he took the matter seriously, forming a committee. After taking in all the input, what my brother said sent a chill down my spine. "It's a lifestyle disease," he said. "Now, you tell me, a man whose only life is the distance between home and office and back home, and whose only life is the art of checking out different petrol pumps to fill up his car with petrol, what lifestyle changes would he have? Well, I soon discovered the true source of that great noise. It so happened that a relative was visiting us for a few days. He had a long-standing habit of watching the "debates" on news channels. He would spend hours in front of the TV. Alpha, too, would sit on the armrest of a nearby sofa and watch the debates intently. The relative returned to the village, but within those few days, Alpha had become "updated." He understood the mathematics of noise. He had learned from those valiant TV spokespersons that getting one's point across requires not logic, but lung strength and a sore throat. "Lungs" are the alternative to "intelligence"! For a while now, my attention has been riveted on the "debates" on TV. The greatest achievement of our era is that we have found the alternative to "intelligence" in our "lungs." People used to go to the library for debates; now, they're visiting throat doctors to ensure their vocal cords don't fail mid-debate. When we were young, we used to have "debate competitions" in our village school, Motiya. We had to assemble arguments. The teacher would say, "Present facts and evidence in your favor with dignity." Gradually, those debate competitions disappeared, at least in village schools. TV has made remarkable progress in this direction. It has taught us that "argument" means drowning out the other person's voice under the rubble of one's own. This tradition has supplied a new definition of a scholar to society. Now, the person whose voice can wake up the entire neighborhood is considered the greatest scholar. People say, "Was he roaring like a lion?" No one asks whether there was any substance in that roar, or was it just the pressure of the wind? I have a classmate. He's now a prominent leader. Every day, he's seen engaging in TV debates somewhere. I first heard him shouting in the huge crowded ticket queue for the matinee show at Shankar Talkies in Bhagalpur. Wow, what a shout! We had tickets in our hands in an instant. All of us friends wished him a bright future that day. The result is in front of us. He's one of those TV spokespersons who insists on staying loud until the end. Shouting is necessary to increase TRPs - I was talking to him yesterday. I asked, "Brother, what are you doing on TV? You just shout. Listen to others too." He started laughing, "Sir, listening might have increased knowledge, but now shouting increases TRPs. And in this day, TRPs are the ultimate truth; everything else is a myth." I was satisfied with this divine knowledge. Those who regularly watch TV debates know that the relationship between anchor and guest is no longer that of guest and host. Anchor and guest are now like two engine drivers, each running on their own track and constantly blowing the horn so that the other cannot hear. People certainly talk about freedom of speech, but the reality is that only those whose voice is louder than an aircraft engine have the freedom to speak. Everyone else is merely spectators paying taxes to hear that noise. Everyone knows that if you can't interrupt someone, you can at least make enough noise to make the other person unable to hear you. An incident comes to mind. Two friends went to the forest. One had a gun. Seeing a lion in the forest, he didn't fire his gun, but instead started shouting loudly. His friend asked, "Brother, what is this?" The friend said, "Brother, in today's times, it's more important to show you're there than to attack." The anchor on the field repeatedly tells everyone to "keep quiet," and he himself shouts.

# पत्नी की गला घोंटकर हत्याः खुद ही बुला ली पुलिस, बेड पर बैठा मिला हत्यारोपी, आए दिन होती थी कहासुनी



क्यूँ न लिखूँ सच / शिमलाठेर गांव में बुधवार देर रात टेंपो चालक महेश ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी राजवती (35) की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी ने खुद पुलिस को सूचना दी।

कुंदरकी थाना क्षेत्र के शिमलाठेर गांव में बुधवार की देर रात करीब एक बजे टेंपो चालक महेश ने दुपट्टे से गला घोंटकर अपनी पत्नी राजवती (35) की हत्या कर दी। इसके बाद करीब एक घंटे तक वह शव के पास ही बैठा रहा। बाद में खुद ही थाने पर फोन करके पुलिस को बुला लिया। इससे पहले ग्राम प्रधान को भी फोन करके घटना की जानकारी दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में उसने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या करना कबूला है।

एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि कुंदरकी के शिमलाठेर निवासी महेश की शादी 13 साल पहले अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र में हसनपुर निवासी राजवती के साथ हुई थी। दंपती के दो बेटे विष्णु (13) और ललित (8) और एक बेटी कनक (6) हैं। महेश टेंपो चालक है और उसकी पत्नी राजवती एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। कंपनी के टूर और अन्य कार्यक्रमों में भी जाने की बात सामने आई है। जिसको लेकर घर में विवाद रहने लगा। बुधवार की देर रात भी पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। रात को करीब एक बजे जब तीनों बच्चे सो गए तो महेश ने दुपट्टे से पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

करीब दो बजे उसने पहले प्रधान को कॉल कर बताया कि उसने अपनी पत्नी को मार डाला है और उसकी लाश घर में ही बेड पर पड़ी है।इसके बाद पुलिस को भी कॉल की। प्रधान ने भी पुलिस को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव बेड पर पड़ा था और वहीं पास में ही महेश बैठा हुआ था। पास में दुपट्टा भी पड़ा मिल गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके की जांच की। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। मृतका के भाई गुड्डू की तहरीर पर हत्यारोपी महेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पांच साल से प्राइवेट कंपनी में काम कर रही थी राजवती- राजवती करीब पांच साल से एक प्राइवेट कंपनी में काम कर रही थी। जिसमें वह महिलाओं को मेंबर बनाती थी। कंपनी में ही कार्यरत किसी अधिकारी से उसकी जान पहचान हो गई थी। वह महिला के घर भी आता था और राजवती को भी उसके साथ कंपनी के टूर पर बाहर जाना पड़ता था। कुछ दिन पहले कंपनी की ओर से राजवती टूर पर गई थी। पति ने उस वक्त भी विरोध किया था। दोनों के बीच आए दिन विवाद होने लगा था।बहाने से कमरे में बुलाकर उतारा मौत के घाट

हत्या की वारदात से पहले घर में दोनों पति पत्नी में झगड़ा हुआ था।

कुछ देर बाद दोनों शांत हो गए लेकिन राजवती अपने पति महेश के खतरनाक इरादे को भांप नहीं पाई थी। गर्मी के चलते महेश के दोनों बेटे मकान की छत पर सोए हुए थे जबकि पत्नी अपनी बेटी के साथ बरामदे में लेटी थी। महेश भी छत पर जाकर सो जाता था लेकिन बुधवार की रात वह छत पर नहीं गया, बल्कि नीचे ही कमरे में रुका रहा। महेश ने पत्नी को किसी बहाने से कमरे में बुला लिया और गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी।माता पिता को अलग-अलग करने का प्रयास किया, लेकिन इसी बीच आरोपित ने फटा हुआ लोवर उठाया और उससे गला दबा दिया। इससे राजवती की मौत हो गई। हालांकि सात वर्षीय बेटी कनक ने मां को बचाने का काफी प्रयास किया। उसने शोर भी मचाया, लेकिन पड़ोस में ही मंगनी का कार्यक्रम चल रहा था।

जिसमें डीजे बज रहा था।

ऐसे में उसकी आवाज किसी के कानों तक नहीं जा सकी। पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपित वहीं पर बैठ गया। कनक रोते हुए छत पर सो रहे अपने भाइयों के पास पहुंची और उन्हें उठाकर लेकर आई। मां को जमीन पर पड़ा देख उनकी चीख निकल गई। पड़ोसियों को बुलाया गया, लेकिन आरोपित वहीं पर बैठा रहा।

मामले की जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक हम्बीर सिंह जादौन पहुंच गए। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपित बोला साहब बुधवार को भी प्रेमी से मिलने के लिए गई थी। मना करने के बाद भी नहीं मान रही थी। इसलिए हत्या कर दी।

उधर मृतक के भाई गुड्डू निवासी हसनपुर कला डिडौली अमरोहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि करीब 13 वर्ष पहले बहन की शादी महेश से की थी। महेश शादी के बाद से ही प्रताड़ित करता था और अब उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपित पति को शक था कि पत्नी का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी के चलते उसने हत्या की है।

# 35 साल पुराने रामकुंवर हत्याकांड में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, उम्रकैद बरकरार; दोषियों को 15 दिन में सरेंडर का आदेश

मुरादाबाद। करीब 35 वर्ष पुराने चर्चित रामकुंवर हत्याकांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराते हुए दोषियों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। अदालत ने दोषियों की अपील खारिज करते हुए उन्हें 15 दिनों के भीतर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। आदेश का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएंगे।न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, चिकित्सीय साक्ष्य और अन्य सबूत दोष सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं।

अदालत ने बलिस्टर, महेश और नरेश की अपील को निरस्त करते हुए निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।1987 में हुई थी सनसनीखेज हत्या- मामला 27 सितंबर 1987 का है।

थाना कुंदरकी क्षेत्र के बसेड़ा गांव में मंदिर से अखंड रामायण पाठ सुनकर लौट रहे रामकुंवर की पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि हत्या के बाद आरोपियों ने शव को रस्सी से बांधकर जंगल तक घसीटा और पहचान छिपाने के उद्देश्य से धड़ से सिर अलग कर दिया। घटना के दौरान हुई फायरिंग में वीरम नाम की युवती भी छर्रे लगने से घायल हो गई थी। पुलिस ने 4 अक्टूबर 1987 को गन्ने के खेत से रामकुंवर का धड़ बरामद किया था,

लेकिन सिर कभी बरामद नहीं हो सका। पुरानी रंजिश बनी हत्या की वजह- जांच में सामने आया कि घटना से करीब ढाई साल पहले महेश ने अपनी बहन सुमन को भगाने का आरोप लगाते हुए रामकुंवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन के अनुसार इसी पुरानी रंजिश के चलते हत्या की साजिश रची गई और वारदात को अंजाम दिया गया। निचली अदालत ने 1989 में सुनाई थी उम्रकैद- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 2 मई 1989 को महेश, नरेश और विरपाल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत तथा बलिस्टर को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके अलावा उन्हें धारा 201 और धारा 324/34 के तहत भी दोषी ठहराया गया था। हाईकोर्ट ने खारिज किए सभी तर्क- दोषियों ने हाईकोर्ट में दलील दी थी कि प्राथमिकी दर्ज करने में देरी हुई, गवाह मृतक के परिजन थे

और उनके बयानों में विरोधाभास है। हालांकि अदालत ने इन सभी तर्कों को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि घटना के लगभग साढ़े चार घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी, इसलिए इसमें किसी प्रकार की मनगढ़ंत कहानी या अनावश्यक देरी का सवाल नहीं उठता। अदालत ने यह भी माना कि प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान पोस्टमार्टम रिपोर्ट और चिकित्सीय साक्ष्यों से पूरी तरह मेल खाते हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल इस आधार पर किसी गवाह की गवाही को खारिज नहीं किया जा सकता कि वह मृतक का रिश्तेदार है। पीड़ित पक्ष ने फैसले का किया स्वागत- हाईकोर्ट के फैसले के बाद पीड़ित पक्ष ने संतोष जताते हुए कहा कि भले ही न्याय मिलने में लंबा समय लगा, लेकिन इस निर्णय ने न्यायपालिका में उनका विश्वास और मजबूत किया है।

# ट्रेनों में 25% चोरियां कर रहे कोच अटेंडेंट, जज के रिश्तेदार का बैग चोरी होने पर खुला बड़ा सच



प्रयागराज से मुरादाबाद आ रही नौचंदी एक्सप्रेस में एक न्यायाधीश के रिश्तेदार का लाखों का बैग चोरी हो गया, जिसमें हीरे-सोने के गहने और नकदी थी। जांच में पता चला कि चोरी कोच अटेंडेंट ने की थी, जिसे गिरफ्तार कर सारा सामान बरामद कर लिया गया।प्रयागराज के न्यायाधीश के रिश्तेदार का कोच अटेंडेंट ने किया था बैग चोरी-कोच अटेंडेंट ने ट्रेन के शौचालय के बिजली पैनल में छिपाई थी चोरी रकमप्रयागराज से नौचंदी एक्सप्रेस (14241) में सफर कर रहे हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश के रिश्तेदार रामनगर में बेटी की शादी में शामिल होने के लिए मुरादाबाद उतरे थे। एच-1 कोच की सीट पर छूटे उनके बैग से करीब 12 लाख रुपये मूल्य के हीरे, सोने के गहने और 10,101 रुपये नकद चोरी करने के मामले ने ट्रेनों में होने वाली चोरी का एक बड़ा सच उजागर कर दिया है। एसपी रेल आशुतोष शुक्ल के अनुसार ट्रेनों में होने वाली करीब 25 प्रतिशत चोरी की घटनाओं में प्राइवेट एजेंसियों द्वारा रखे गए कोच अटेंडेंट की संलिप्तता रहती है। जिससे कोच में हम और आप सफर कर रहे हैं, उसका कोच अटेंडेंट भी आपके सामान पर निगाह रखे हुए हैं।आरोपित कोच अटेंडेंट ने नकदी एसी कोच के शौचालय की छत में बिजली पैनल के पेच खोलकर छिपा दी थी, जबकि गहने मुरादाबाद जंक्शन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे पत्थरों के बीच दबा दिए थे।

27 जून को प्रयागराज से नौचंदी एक्सप्रेस के एच-1 कोच की सीट संख्या 15 पर यात्रा कर रहे योगेश नारायण की पत्नी रितिका सिंह अपना बैग ट्रेन में ही भूल गई थीं। दंपती मुरादाबाद उतरकर रामनगर में न्यायाधीश की बेटी की शादी में शामिल होने चले गए।होटल पहुंचने पर पहचान पत्र की जरूरत पड़ी तो बैग ट्रेन में छूटने का पता चला। इसके बाद जीआरपी में मुकदमा दर्ज कराया गया। जांच के दौरान पुलिस ने उसी कूपे में यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों से संपर्क किया। सभी यात्रियों ने बैग के बारे में जानकारी होने से इनकार कर दिया। इसके बाद जांच का शक कोच अटेंडेंट पर गया।

एक जुलाई को जब आरोपी अटेंडेंट दोबारा नौचंदी एक्सप्रेस के साथ मुरादाबाद पहुंचा तो उससे पूछताछ की गई। पहले उसने घटना से इनकार किया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी स्वीकार कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पूरी बरामदगी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। चार महीने पहले चंदौसी में भी सामने आया था ऐसा मामला- एसपी रेल आशुतोष शुक्ल ने बताया कि एसी कोच अटेंडेंट की जिम्मेदारी यात्रियों के उतरने के बाद बेडरोल समेटने की होती है। यदि किसी यात्री का बैग या पर्स छूट जाता है तो उसे तत्काल टीटीई, जीआरपी या आरपीएफ को सौंपना चाहिए। उन्होंने बताया कि ट्रेनों में होने वाली करीब 25 प्रतिशत चोरी की घटनाओं में कोच अटेंडेंट की भूमिका सामने आती है। चार महीने पहले चंदौसी में सत्याग्रह एक्सप्रेस में भी कोच अटेंडेंट की संलिप्तता का मामला सामने आया था। एसपी रेल ने कहा कि इस तरह के मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। बिलासपुर कोतवाली पुलिस ने फायरिंग करने के आरोप में नामजद एक आरोपी को बृहस्पतिवार दोपहर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से फायरिंग में प्रयुक्त तमंचा और दो कारतूस बरामद किए हैं। 22 जून की रात ग्राम डिबडिबा की सुभाष नगर कॉलोनी निवासी विक्रमजीत सिंह के घर के बाहर कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते हवाई फायरिंग की थी। गोलियों की आवाज सुनकर विक्रमजीत और मोहल्ले के लोग जाग गए थे। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित ने सुभाष नगर कॉलोनी निवासी गुरुदित्ता, एसप्रीत सिंह और गुरुसेवक सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।सीओ हर्षिता सिंह ने बताया कि घटना में वांछित आरोपी गुरुसेवक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दो नामजद आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वृद्धा ने बहू समेत दो महिलाओं पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई

रामपुर। थाना खजुरिया क्षेत्र के ग्राम चैनपुर निवासी वृद्धा रूपा देवी ने बहू कुसुम लता और गांव की सरोज के खिलाफ धोखाधड़ी से मकान बेचकर बेघर करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।रूपा देवी ने खजुरिया थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि उन्होंने 21 जुलाई 2008 को लोकमन प्रसाद से 40 हजार रुपये में मकान खरीदा था। पति की मृत्यु के बाद वह अपने पुत्रों के साथ रह रही थीं। वर्ष 2024 में छोटे पुत्र हुकुम सिंह की मृत्यु हो गई।आरोप है कि पुत्र की मौत के बाद बहू कुसुम लता अपने मायके दलेलगंज, थाना जहानाबाद, पीलीभीत चली गई। वहां रहकर उसने घर का सामान बेचना शुरू कर दिया और पांच दिसंबर 2025 को कथित रूप से धोखाधड़ी कर मकान गांव की सरोज को तीन लाख रुपये में बेचकर बैनामा करा दिया।वृद्धा का आरोप है कि बहू को मकान बेचने का कोई अधिकार नहीं था। कुसुम लता और सरोज उन्हें जबरन घर से निकाल रही हैं। थाने में कार्रवाई न होने पर उन्होंने अदालत की शरण ली। इसके बाद एसपी के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। सीओ हर्षिता सिंह का कहना है कि मामले की तहकीकात की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

रामपुर। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दवा लेने आई मसवासी क्षेत्र के सेमरा रहमतगंज गांव निवासी रेशमा की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव अपने साथ गांव ले गए। रेशमा बृहस्पतिवार को दवा लेने के लिए रामपुर आई थीं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित एलआईसी कार्यालय के सामने सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को बिना पोस्टमार्टम कराए गांव ले गए। रेशमा अपने पीछे चार बच्चों को छोड़ गई हैं। मां की असमय मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि हादसा हुआ था। परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव अपने साथ ले गए हैं। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जाएगी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## पीएम सूर्य घर योजना पर डीएम सख्त

# लोन में देरी नहीं चलेगी तहसील-ब्लॉक स्तर पर लगेंगे विशेष कैंप


क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने योजना की समीक्षा करते हुए बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी पात्र लाभार्थी की ऋण फाइल अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए। साथ ही तहसील और विकासखंड स्तर पर विशेष कैंप लगाकर अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण कराने के निर्देश भी दिए गए।



विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों में ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया धीमी है, वे तत्काल पेंडेंसी समाप्त करें और पात्र आवेदकों को समयबद्ध तरीके से लोन उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी फाइल को बिना कारण लंबे समय तक लंबित रखना स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ तहसील और ब्लॉक स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण करा सकें।बैठक में सभी बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि यदि किसी वेंडर या आवेदक का ऋण आवेदन अस्वीकृत किया जाता है तो उसका स्पष्ट कारण बताया जाए। साथ ही सभी आवेदकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं मुख्यमंत्री युवा योजना से संबंधित ऋण आवेदनों का समय पर निस्तारण किया जाए। इस समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह, पीओ नेडा सहित सभी संबंधित बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर अपराधियों की उड़ाई नींद , पुलिस ने पीड़ितों को लौटाए 34 लाख रुपये

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में करीब 34 लाख रुपये की ठगी की रकम पीड़ितों के खातों में वापस कराई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना टीम ने तकनीकी जांच, ड्डिष्ठ पोर्टल और विभिन्न बैंकिंग संस्थानों के सहयोग से कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की।





